# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(159)RSSB/अर्थना/प्र.सु.वि/च.श्रे.क/2024/ दिनांकः– यथाहस्ताक्षर

**–:: प्रेस विज्ञप्ति ::–**

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती –2024 में दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु दिशा निर्देश

बोर्ड द्वारा दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिये दिनांक 25.08.2025 को UDID कार्ड (विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र) के संबंध में विज्ञप्ति जारी कर दिनांक 01.11.2025 या उसके बाद आयोजित होने वाले दस्तावेज सत्यापन (document verification) के समय एवं परीक्षाओं के लिए आवेदन के समय UDID Registration/ प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य किया गया है।

उक्त निर्देशों की पालना में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती 2024 के सभी दिव्यांगजन अभ्यर्थियो की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन के समय UDID Registration/ प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा।

अतः उक्त भर्ती के समस्त दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थी UDID कार्ड हेतु निर्धारित प्रक्रियान्तर्गत official UDID पोर्टल www.Swavlamban.in पर ऑनलाईन आवेदन करना सुनिश्चित करें। इसके अभाव में उनके दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण नही हो पायेगी।

**(डॉ. बी. सी. बधाल)**
**सचिव**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

क्रमांकः प.14(159)RSSB/अर्थना/प्र.सु.वि/च.श्रे.क/2024/ दिनांकः– यथाहस्ताक्षर

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, शासन सचिवालय, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को दैनिक समाचार पत्र ''दैनिक भास्कर'',''राजस्थान पत्रिका'' के राजस्थान राज्य के समस्त नवीनतम संस्करणों में प्रकाशित कराने का श्रम करावें।
2. प्रभारी अधिकारी आई0टी अनुभाग, RSSB जयपुर को प्रेस विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।

Signature Not Verified

**सचिव**

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.10.06 15:24:25 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 18133719